# मोहाली पुलिस की बड़ी सफलताः चोर गिरोह काबू, 6 वाहन बरामद

साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 6 मई
( पैग़ाम-ऐ-जगत )

श्री हरमनदीप सिंह, एस.एस.पी., जिला एस.ए.एस नगर के दिशा-निर्देशों अनुसार तथा श्री दिलप्रीत सिंह, एस.पी. सिटी मोहाली के मार्गदर्शन में, मोहाली शहर में हो रही चोरी/स्नैचिंग की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया।



प्रेस को संबोधित करते हुए श्री गुरचरण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सिटी-1 मोहाली तथा इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह, थाना प्रभारी थाना फेज-1 मोहाली ने बताया कि दिनांक 01-05-2026 को थाना फेज-1 मोहाली की पुलिस टीम ने न्यू बस स्टैंड फेज-6 मोहाली में नाकाबंदी कर विक्रांत सिंह ठाकुर पुत्र जगदेव सिंह निवासी गांव व डाकघर गंगोट, तहसील बरसर, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) तथा ईशांत खन्ना उर्फ ईश पुत्र अशोक कुमार निवासी मकान नंबर 2932, वार्ड नंबर 15, पास पत्थरों वाला कुआं, खरड़, जिला एस.ए.एस नगर, हाल निवासी सरपंच के कमरे के पास, गुरुद्वारा साहिब के नजदीक, गांव दाऊं, जिला एस.ए.एस नगर को काबू किया। उनके कब्जे से चोरी की स्कूटी सफेद रंग बरामद की गई। इस संबंध में मुकदमा धारा 303 बी.एन.एस के तहत थाना फेज-1 मोहाली में दर्ज किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस रिमांड के दौरान पंकज पुत्र राधे शाम निवासी गांव शाहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, थाना शाहपुर, उम्र 24 वर्ष, हाल निवासी मकान दूसरी मंजिल फेज-1 मोहाली तथा संदीप सिंह पुत्र जसविंदर सिंह निवासी गांव शमशपुर सिंहां, तहसील खमाणों, जिला फतेहगढ़ साहिब को बतौर आरोपी नामजद कर गिरफ्तार किया गया। विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए वाहन बरामद किए गए जिनमें एक बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल मार्का पल्सर काला रंग, एक बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल काला रंग, एक मोटरसाइकिल काला रंग, एक एक्टिवा बिना नंबर प्लेट काला रंग तथा एक कार नंबर PB-50-B-6395 मार्का Alto शामिल है। इस संबंध में मुकदमे में धारा 3(5) और 317(2) बी.एन.एस की बढ़ोतरी की गई।

# इग्नू ने 31 मई तक बढ़ाई असाइनमेंट्स जमा करने की अंतिम तिथि

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 6 मई, ( प्रवीण वालिया )

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई 2026 कर दी गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि सभी असाइनमेंट हस्तलिखित ही तैयार करें। असाइनमेंट के साथ कवर पेज (जिसमें विद्यार्थी की सभी आवश्यक जानकारी हो), संबंधित प्रश्न पत्र, इग्नू का आईडी कार्ड और रजिस्ट्रेशन स्टेटस का प्रिंट आउट जरूर लगाएं

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने असाइनमेंट अपने-अपने अध्ययन केंद्र पर केवल रविवार को ही जमा करने के लिए जाएं। अध्ययन केंद्र कोड 1075, 1087 एवं 1000 के विद्यार्थी किसी भी कार्य दिवस में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल में अपने असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह सलाह दी कि असाइनमेंट जमा करने से पूर्व उसकी एक पीडीएफ प्रति अपने पास सुरक्षित रखें तथा जमा करते समय अध्ययन केंद्र से डायरी नंबर अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए वह आपके काम आ सके। सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है की अंतिम तिथि से पहले अपनी असाइनमेंट्स जमा कर दें।

# मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मी करवाएं पंजीकरण

ऊना, 5 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )

सैनिक कल्याण विभाग ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) एस.के. कालिया ने जिले में निवास कर रहे मिलिट्री नर्सिंग सेवा (एमएनएस) से सेवानिवृत्त कर्मियों से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया है।

उन्होंने बताया कि अब तक पूर्व सैनिक का दर्जा मुख्य रूप से थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं जवानों तक सीमित था, लेकिन केंद्र सरकार के निर्णय के बाद अब मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मियों को भी पूर्व सैनिक की श्रेणी में शामिल किया गया है। उपनिदेशक ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के पास जिले में निवास कर रहे एमएनएस से सेवानिवृत्त कर्मियों का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में जो भी मिलिट्री नर्सिंग सेवा से सेवानिवृत्त कर्मी जिले में रह रहे हैं, वे शीघ्र जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवाएं और पूर्व सैनिक पहचान पत्र प्राप्त करें। इससे वे पूर्व सैनिकों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं अन्य लाभों का लाभ उठा सकेंगे।

# शिक्षा केवल डिग्री नहीं, व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम : डॉ. चौहान

पैग़ाम-ऐ-जगत/नीलोखेड़ी/करनाल
6 मई (प्रवीण वालिया)

- गोंदर की बेटियां पहुंचीं ग्रामीण विकास संस्थान

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की होती है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और आत्मनिर्भरता को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान आज संस्थान के सभागार में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदर की छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय की नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा की छात्राएं आज हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में एक्सपोजर विजिट पर आई थी ।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज को नई दिशा देने का सबसे सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और यदि वे आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत को अपना लक्ष्य बना लें तो देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

उन्होंने छात्राओं को जीवन में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

डॉ. चौहान ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने वाले डॉ. कलाम ने यह सिद्ध किया कि संघर्ष और मेहनत से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने अंदर वैज्ञानिक सोच, अनुशासन और देशभक्ति की भावना विकसित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान की आत्मा होती है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि भारतीय संस्कारों और भावनाओं को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और दैनिक जीवन में हिंदी को अधिक से अधिक अपनाकर आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी संस्कृति से जोड़कर रखना चाहिए। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं से उनकी समस्याओं और विद्यालयों में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के सहायक आचार्य सुशील मेहता, संदीप कुमार, कमलदीप सांगवान, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से वरिष्ठ सलाहकार गुरविंदर सिंह, स्टेट पंचायत रिसोर्स सेंटर से नीलम छिकारा सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# समाधान समारोह के तहत सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 व 23 अगस्त को लगेंगी विशेष लोक अदालतें

ऊना, 6 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )

भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका साझा न्याय और न्याय को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रही है। यह आयोजन समाधान समारोह 2026 के तहत किया जा रहा है। इसका लक्ष्य देशभर में मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निपटारा करना है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव, शिखा लखनपाल ने दी।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 21 अप्रैल 2026 को शुरू हुआ था और 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालतों के साथ समाप्त होगा। इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से लंबित मामलों को दोनों पक्षों की आपसी सहमति और समझौते के जरिए सुलझाना है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी ले सकते हैं भाग :** सचिव ने सभी वकीलों, मुकदमेबाजों और संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे अपने विवादों के स्थायी समाधान के लिए इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। पक्षकार अपने मामले के निपटारे के लिए स्वयं अदालत में उपस्थित हो सकते हैं या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदक पक्ष और उनके वकील 31 मई तक गूगल फॉर्म लिंक https://forms.gle/pRWbif62APrcgMsZ8 पर भरकर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, यह लिंक सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर भी उपलब्ध है।

यहां करें संपर्क उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए वन स्टॉप सेंटर (वार रूम) इंचार्ज, समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के फोन नंबर 011-23115652, 011-23116464 और सीआरपी निदेशक सम्पर्क 011-23116465 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री मान मानसिक संतुलन खो चुके हैं, अपनी जांच कराएं : फतेह बाजवा

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़, 6 मई ( हरमिंदर नागपाल )

पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक फतेह जंग सिंह बाजवा ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और उसे इसकी जांच करानी चाहिए। बाजवा आज



भगवंत मान द्वारा जालंधर और अमृतसर में बीती रात हुए धमाकों के पीछे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताने पर टिप्पणी कर रहे थे।

पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि पूरा पंजाब और पूरा विपक्ष ऐसा कह रहा है, यहां तक कि डीजीपी गौरव यादव ने भी इसके पीछे ड्रग्ज का हाथ होने की संभावना जताई है। लेकिन जिस तरह से मुख्यमंत्री बयान दे रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि पंजाब में हुए धमाके के पीछे भारतीय जनता पार्टी का हाथ है, वह उनकी मानसिक हालत बयां करता है। फतेह बाजवा ने भगवंत मान से कहा कि आप पंजाब के मुख्यमंत्री हैं और गृह का जिम्मा भी आपके पास है, तो फिर आप पूरी सच्चाई लोगों के सामने क्यों नहीं लाते? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस तरह के बेबुनियाद और झूठे बयान देकर लोगों को गुमराह करने की बजाय प्रदेश की कानून व्यवस्था पर ध्यान दें।



# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की रवानगी

जीरकपुर 6 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )

- जीरकपुर के वार्ड नंबर 24 से 33वीं और 34वीं बस के जरिए गए श्रद्धालु

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत डेराबस्सी निर्वाचन क्षेत्र के जीरकपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 से 33वीं और 34वीं बस के माध्यम से श्रद्धालुओं को विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर, श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल और अन्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों के दर्शन के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर हल्का विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम लोगों, विशेषकर बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सुविधा देने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि तीन दिनों की इस यात्रा के दौरान दो रातों के ठहरने की व्यवस्था पंजाब सरकार द्वारा अपने स्तर पर की जाती है। इसके अलावा एसी बसों और भोजन का प्रबंध भी सरकारी स्तर पर किया जाता है। रवानगी के समय श्रद्धालुओं में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने इस मौके पर पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें बिना किसी आर्थिक बोझ के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा भी उपस्थिति दर्ज कराई गई।

# कानून आया, खेल बदला... लेकिन ठग अभी भी मैदान में

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 6 मई ( प्रवीण वालिया )

- दरवाज़ा बंद किया गया है... लेकिन खिड़कियां खुली छोड़ दी गई हैं

हरियाणा सरकार द्वारा लागू किए गए हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण एवं विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को भले ही एक सख्त और जरूरी कदम माना जा रहा हो, लेकिन इसमें मौजूद खामियां अब भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कमियों के चलते फर्जी एजेंट और ठग इसका फायदा उठा सकते हैं, जिससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। हाल ही में राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू हुए इस कानून के तहत अब ट्रैवल एजेंट सीधे तौर पर विदेशों में मजदूर नहीं भेज पाएंगे। इस फैसले को मानव तस्करी और धोखाधड़ी पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

हालांकि, कनाडा आधारित इमिग्रेशन और शिक्षा सलाहकार डॉ. अरविंद कादियान का कहना है कि अधिनियम अपने वर्तमान स्वरूप में अधूरा है और इसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता है। उनके अनुसार, वीजा काउंसलिंग सेवाएं देने वालों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता या पेशेवर प्रमाणन की अनिवार्यता नहीं होना एक बड़ी कमी है। इससे अनुभवहीन और अप्रशिक्षित लोग भी जटिल इमिग्रेशन मामलों में सलाह देने लगते हैं, जिससे धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कनाडा में इमिग्रेशन कंसल्टेंट बनने के लिए विधिवत प्रशिक्षण, परीक्षा और लाइसेंस अनिवार्य है। इसी तरह की व्यवस्था हरियाणा में भी लागू की जानी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी देश के लिए वीजा सेवाएं देने वाले एजेंट को उस देश की अधिकृत नियामक संस्था से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य किया जाए। साथ ही, हर वीजा आवेदन के साथ अधिकृत प्रतिनिधि प्रपत्र को अनिवार्य बनाने की जरूरत बताई, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन सुझावों को अधिनियम में शामिल किया जाए, तो यह कानून और अधिक प्रभावी बन सकता है तथा वीजा धोखाधड़ी पर मजबूत नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# 20 साल का साम्राज्य मिनटों में ढेर

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 6 मई ( प्रवीण वालिया )

- बुलडोज़र की एंट्री... और खत्म हुआ अवैध 'महल', करनाल में 'ऑपरेशन क्लीन' : 12 एकड़ पर चला बुलडोज़र, अवैध बैंक्वेट हॉल का 'द एंड'

करनाल के सेक्टर-37 में बुधवार को एचएसआईडीसी और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 12 एकड़ में फैले अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई लंबे समय से चली आ रही शिकायतों और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद की गई।

प्रशासन के अनुसार, यह निर्माण एचएसआईडीसी की अधिग्रहित जमीन पर किया गया था, जहां एक भव्य बैंक्वेट हॉल समेत कई अन्य ढांचे खड़े कर दिए गए थे। विभाग ने पहले संबंधित पक्षों को कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद सख्त रुख अपनाते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई।

बुधवार सुबह अधिकारियों की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और सबसे पहले मुख्य गेट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद पूरे क्षेत्र में बने सभी अवैध ढांचों को चरणबद्ध तरीके से गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2009 में सरकार ने कुल 231 एकड़ जमीन एचएसआईडीसी के लिए अधिग्रहित की थी। इसी जमीन के एक हिस्से पर अवैध रूप से यह निर्माण किया गया था। मामले को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया। सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रह सकती है। करनाल में एचएसआईडीसी की जमीन पर बने अन्य अवैध होटल, बैंक्वेट हॉल और निर्माण भी प्रशासन की सूची में हैं, जिन पर जल्द ही कार्रवाई हो सकती है।

# शिकायतों का समयबद्ध निपटान ही सुशासन की पहचान : डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल 6 मई ( प्रवीण वालिया )

- शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए नगर निगम में एन्फोर्समेंट विंग का होगा गठन।
- पोर्टल पर लंबित शिकायतों में से 50 प्रतिशत का निपटान कल दोपहर तक करें सुनिश्चित, अधिकारियों को दिए निर्देश

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न जन शिकायत निवारण पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सी.एम. विंडो, जन संवाद, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एस.एम.जी.टी.), समाचार पत्रों, सीपी ग्राम तथा समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार तथा सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्तमान में पोर्टलों पर लंबित शिकायतों में से कम से कम 50 प्रतिशत का निपटान कल दोपहर तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर उसे क्लोज करवाना भी सुनिश्चित किया जाए।

एन्फोर्समेंट विंग का होगा गठन- बैठक के दौरान उन्होंने शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए नगर निगम में एक विशेष एन्फोर्समेंट विंग गठित करने के निर्देश दिए। इस विंग में भवन शाखा, अभियंता शाखा, सफाई शाखा एवं भूमि शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विंग के सुचारु संचालन के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया जाएगा, जिससे समन्वय स्थापित कर तेज गति से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

निगमायुक्त ने भवन एवं भूमि शाखा के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कार्यकारी अभियंताओं एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को भी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर समस्याओं का समाधान करें तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध निपटान ही सुशासन की पहचान है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# शहरी निकाय चुनाव : 18 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, अब 118 उम्मीदवार मैदान में

ऊना, 6 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )

शहरी स्थानीय निकाय चुनाव-2026 के तहत जिला ऊना में नामांकन-पत्र वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। नाम वापसी के अंतिम दिन 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए, जिसके बाद अब जिले के छह शहरी निकायों में कुल 118 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना की नगर पंचायत गगरेट, अंब, टाहलीवाल, दौलतपुर चौक तथा नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा और संतोषगढ़ में 17 मई को मतदान होगा, जबकि 31 मई को मतगणना की जाएगी। इन निकायों में कुल 28,281 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 14,197 पुरुष और 14,094 महिला मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 283 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे, जबकि एक थर्ड जेंडर मतदाता भी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी निभाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनावों के सफल संचालन के लिए जिले में 48 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन के पास कुल 108 ईवीएम उपलब्ध हैं। इनमें हाल ही में प्राप्त 60 नई ईवीएम तथा पूर्व से उपलब्ध 48 मशीनें शामिल हैं। निर्धारित संख्या में मशीनों का उपयोग मतदान केंद्रों पर किया जाएगा, जबकि शेष को रिजर्व रखा जाएगा ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान नगर पंचायत मैहतपुर-बसदेहड़ा से सर्वाधिक 8, नगर परिषद संतोषगढ़ और नगर पंचायत अंब से एक-एक, नगर पंचायत टाहलीवाल तथा नगर पंचायत गगरेट से तीन-तीन और नगर पंचायत दौलतपुर चौक से दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए।

नगर पंचायत मैहतपुर-बसदेहड़ा से सर्वाधिक 8 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। इनमें वार्ड नम्बर-8 से हरदीप सिंह, राकेश कुमार और बलराम कुमार, वार्ड नम्बर-2 से कमलेश, वार्ड नम्बर-5 से बलविंद्र सिंह और मक्खन सिंह, वार्ड नम्बर-6 से अंजना कुमारी और वार्ड 7 से सतनाम कौर शामिल हैं।

नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नम्बर-4 से प्रवीन प्रभाकर ने नामांकन वापस लिया। नगर पंचायत अम्ब के वार्ड नम्बर-2 से नीलम देवी ने अपना नाम वापस लिया। नगर पंचायत टाहलीवाल से 3 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए, जिनमें वार्ड नम्बर-1 से सुषमा कुमारी, वार्ड नम्बर-3 से सुनीता कुमारी तथा वार्ड नम्बर-5 से रजनी देवी शामिल हैं। इसी प्रकार, नगर पंचायत गगरेट से भी 3 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया, जिनमें वार्ड नम्बर-5 से कांता देवी, वार्ड नम्बर-1 से सज्जन शर्मा तथा कुसुम लता शामिल हैं। वहीं, नगर पंचायत दौलतपुर चौक से 2 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए, जिनमें वार्ड नम्बर-6 से अनामिका तथा वार्ड नम्बर-3 से सुषमा रानी शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही उपायुक्त कार्यालय परिसर में निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए विशेष मॉनिटरिंग कक्ष भी स्थापित किया गया है।

# चार्ज अधिकारी करेंगे मकानों की सूचीकरण कार्य का निरीक्षणः एडीसी

## गणना कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : एडीसी

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी( दिनकर गावड़ी )

- गणना कार्य के दौरान नागरिकों से आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नम्बर, बैंक की जानकारी नहीं पूछी जाएगी

एडीसी लक्षित सरीन ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार एक मई से जनगणना-2027 का कार्य शुरू हो चुका है, जो कि 30 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा मकानों की सूचीकरण के साथ-साथ कुछ जानकारियां जुटाई जा रही हैं। इस दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नम्बर, बैंक खाते के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारियां हैं जो नागरिकों से नहीं पूछी जाएंगी। यदि कोई प्रगणक ऐसी जानकारी पूछता है तो नागरिक इनके बारे में न बताएं।

उन्होंने बताया कि एक मई से घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य शुरु हो गया है, जो 30 मई तक किया जाएगा। नागरिकों की सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। इन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार द्वारा भविष्य की योजनाएं निर्धारित की जाएंगी।

एडीसी लक्षित सरीन ने बताया कि जिला में गणना कार्य के सफल संचालन के लिए पूरे जिला को 980 गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है।

एडीसी ने बताया कि इस कार्य के लिए 1080 प्रगणकों तथा 180 सुपरवाइजर्स की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रत्येक सुपरवाइजर अपने अधीन प्रगणकों के कार्य की निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि गणना कार्य निर्धारित समय सीमा में और पूरी सटीकता के साथ पूरा हो।

30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य किया जाएगा। 30 मई 2026 तक भारत की जनगणना का प्रथम चरण का कार्य किया जाएगा। प्रगणक घरों पर जाकर कुछ सामान्य जानकारियां नागरिकों से प्राप्त करेंगें। इनमें आपका भवन कैसा है, परिवार में कितने सदस्य हैं, परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, शौचालय / बाथरूम, गैस कनेक्शन, रेडियो / टीवी, केबल कनेक्शन, साईकिल / मोटर साईकिल / कार, खाया जाने वाला मुख्य अन्न, मोबाईल नम्बर जानकारी ली जाएगी।

प्रगणकों द्वारा नागरिकों से आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नम्बर, बैंक की जानकारी व किसी भी प्रकार का ओटीपी की जानकारी नहीं ली जाएगी। यदि ऐसा पूछते हैं तो नागरिक सावधानी बरतें। आने वाले अधिकारी का पहचान पत्र जरूर चेक करें।

जनगणना कार्य के चलते नागरिकों की समस्याओं व किसी भी प्रकार के संशय को दूर करने के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

नागरिक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया हुआ है।

उन्होंने बताया कि मकानों की सूचीकरण के दौरान घरों पर मार्किंग की जाती है, जिससे पता चलता है कि घरों की गणना का कार्य हो चुका है। उन्होंने बताया कि चार्ज अधिकारी फील्ड में जाकर मकानों की सूचीकरण कार्य का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

